Monthly Uttar Pradesh Current Affairs

उत्तर प्रदेश

विशिष्ट करेंट अफेयर्स

अप्रैल 2022

1. दिल्ली से मेरठ कॉरिडोर के लिए भारत की पहली रैपिड रेल का अनावरण

• दिल्ली से मेरठ कॉरिडोर के लिए भारत की पहली रैपिड रेल का अनावरण मार्च 2022 में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रीय परिवहन निगम (NCRTC) द्वारा किया गया था।

• रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (RRTS) ट्रेन दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर पर चलेगी और महज 55 मिनट में 82 किमी की दूरी तय करेगी।

• क्षेत्रीय कॉरिडोर पर बिजनेस या 'प्रीमियम' कोच रखने वाला यह देश का पहला होगा।

2. इंडिगो के सह-प्रवर्तक राकेश गंगवाल ने किया IIT-कानपुर के साथ समझौता

• इंडिगो के सह-प्रवर्तक राकेश गंगवाल ने अपने परिसर में संयुक्त रूप से स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी की स्थापना के लिए IIT-कानपुर के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

• वह कॉलेज की स्थापना के लिए 100 करोड़ रुपये दान करेंगे और स्कूल के सलाहकार बोर्ड में भी शामिल होंगे।

• स्कूल दो चरणों में बनकर तैयार होगा।

• परियोजना के पहले चरण में 500 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल स्थापित करना शामिल होगा।

3. उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री ने की श्रावस्ती जिले से 'स्कूल चलो अभियान' की शुरुआत

• उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए 4 अप्रैल 2022 को श्रावस्ती जिले में 'स्कूल चलो अभियान' शुरू किया।

• राज्य में श्रावस्ती की साक्षरता दर सबसे कम है।

• कार्यकर्ता घर-घर दस्तक देंगे और पूछेंगे कि क्या कोई बच्चा है जो स्कूल जाने से वंचित रह गया है।

• उस बच्चे का स्कूल में रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा।

4. WUS, IIT कानपुर आधारित स्टार्ट-अप जिसे एक्सेलेरेशन प्रोग्राम के लिए चुना गया

• WUS, एक SAAS (सेवा के रूप में सॉफ्टवेयर) आधारित स्टार्ट-अप, को सिटी की सोशल इनोवेशन लैब द्वारा एक्सेलेरेशन प्रोग्राम के लिए चुना गया है।
• WUS को IIT कानपुर और नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर साइबर सिक्योरिटी टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट (N-CoE) में इनक्यूबेट किया गया है।
• कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, WUS को मेंटरिंग, गो-टू-मार्केट रणनीति, सीड फंडिंग और नेटवर्क और स्केलिंग के अवसर प्राप्त होंगे।

5. उत्तर प्रदेश सरकार ने किया AAI के साथ पट्टा समझौते पर हस्ताक्षर

• उत्तर प्रदेश सरकार के नागरिक उड्डयन विभाग ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) के साथ एक पट्टा समझौते पर हस्ताक्षर किया हैं।
• यह अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे के लिए 317.855 एकड़ भूमि को AAI को पट्टे पर देने के संबंध में है।
• उत्तर प्रदेश में अब तक 19 हवाईअड्डों को चालू कर दिया गया है।

6. सरस्वती सम्मान 2021 के लिए रामदरश मिश्र का चयन

• प्रख्यात कवि और साहित्यकार प्रोफेसर रामदरश मिश्र को उनकी कविताओं के संग्रह 'मैं तो यहां हूं' के लिए प्रतिष्ठित सरस्वती सम्मान, 2021 से सम्मानित किया जाएगा।
• उनका जन्म उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिला में हुआ था।
• 1991 में स्थापित, सरस्वती सम्मान हर साल एक भारतीय नागरिक द्वारा किसी भी भारतीय भाषा में लिखे गए और पिछले 10 वर्षों के भीतर प्रकाशित एक उत्कृष्ट साहित्यिक कृति के लिए दिया जाता है।
• इसमें एक प्रशस्ति पत्र, एक पट्टिका और ₹15 लाख का नकद पुरस्कार दिया जाता है।

7. उत्तर प्रदेश ने किया पश्चिम बंगाल को शीर्ष सब्जी उत्पादक के रूप में प्रतिस्थापित

• उत्तर प्रदेश ने पश्चिम बंगाल की जगह सब्जियों के मामले में शीर्ष उत्पादक राज्य के रूप में अपना स्थान पुनः प्राप्त कर लिया है।

• दूसरी ओर, आंध्र प्रदेश शीर्ष फल उत्पादक बना हुआ है।

• आंकड़ों के अनुसार मध्य प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र सब्जियों के अन्य प्रमुख उत्पादक हैं।

• 2021-22 फसल वर्ष (जुलाई-जून) में उत्तर प्रदेश में सब्जियों का उत्पादन 29.58 मिलियन टन (mt) होने की उम्मीद है।

8. उत्तर प्रदेश सरकार संभल और महाराजगंज में मेडिकल कॉलेज स्थापित करेगी

• उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के संभल और महाराजगंज जिलों में सार्वजनिक-निजी भागीदारी मोड के तहत मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

• मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा राज्य में पहली बार पीपीपी मोड के माध्यम से मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं।

• उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र की भागीदारी से मेडिकल कॉलेजों के निर्माण को युद्धस्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 2024 तक महराजगंज और संभल जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का लक्ष्य रखा है।

9. वाराणसी में बनेगा उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा मॉल

• दशाश्वमेध प्लाजा का निर्माण पूरा होने के बाद वाराणसी विकास प्राधिकरण एक मॉल बनाने की तैयारी में है, जहां बनारसी साड़ी, खिलौने, हथकरघा, हस्तशिल्प के साथ ही प्रसिद्ध खानपान की चीजें मिलेंगी।

• इसके साथ ही पर्यटकों को आर्टिफिशियल वाटर स्पोर्ट्स, एडवेंचर राइडिंग (झूला) सहित अन्य लुभाने वाले इंडोर गेम की सुविधा मिलेगी।

• दरअसल, बनारस के प्रसिद्ध उत्पाद अलग-अलग इलाके में मिलने की वजह से कम समय की यात्रा पर आने वाले पर्यटक खरीदारी नहीं कर पाते। काशी विश्वनाथ के भव्य स्वरूप निर्माण के बाद आम दिनों में एक लाख से ज्यादा श्रद्धालु बनारस आ रहे हैं और विशेष अवसरों पर यह संख्या पांच से 10 लाख तक पहुंच रही है। ऐसे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस माल के जरिए बनारसी उत्पादों को ले जा सकेंगे।

10. राज्य ऊर्जा और जलवायु सूचकांक में उत्तर प्रदेश की 13वीं रैंक

• राज्य ऊर्जा और जलवायु सूचकांक में उत्तर प्रदेश की रैंक 13वीं, जबकि स्कोर 41.0 है।

• यह सूचकांक 2019-20 के आँकड़ों के आधार पर नीति आयोग द्वारा तैयार किया गया है।

• गौरतलब है कि यह सूचकांक 6 मानकों- डिस्कॉम का प्रदर्शन, ऊर्जा दक्षता, पर्यावरणीय स्थिरता, स्वच्छ ऊर्जा पहल, नई पहल तथा पहुँच, वहनीयता एवं विश्वसनीयता के आधार पर जलवायु और ऊर्जा क्षेत्र में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा किये गए प्रयासों को ट्रैक करता है।

11. उत्तर प्रदेश के रामपुर में स्थापित हुआ भारत का पहला 'अमृत सरोवर'

• उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के प्रयासों से रामपुर की ग्राम पंचायत पटवई में भारत का पहला 'अमृत सरोवर' बनकर तैयार हो गया है।

• आज़ादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में, अमृत सरोवर पहल शुरू किया गया था जिसके अंतर्गत 75 जल निकायों को विकसित और पुनर्जीवित किया जाएगा।

12. महापंडित राहुल सांकृत्यायन जयंती 9 अप्रैल

• महान घुमक्कड़, प्रकांड पंडित राहुल सांकृत्यायन का जन्म उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के पन्दहा ग्राम में 9 अप्रैल, 1893 को हुआ था। उनका असली नाम केदार पांडेय था, पर दुनिया उन्हें महापंडित राहुल सांकृत्यायन के नाम से जानती है।

• उन्होंने विश्व के अनेक देशों की यात्रा की और खूब पढ़ा-लिखा। इस घुमक्कड़ी के चलते महापंडित हिंदी, उर्दू, संस्कृत, तमिल, कन्नड़, पाली, अंग्रेजी, जापानी, रूसी, तिब्बती और फ्रांसीसी भाषाओं के अच्छे जानकार हो गए। कहते हैं इनके अतिरिक्त भी उन्हें 20-25 भाषाओं का ज्ञान था।

13. अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' जयंती 15 अप्रैल

• कवि सम्राट अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध का जन्म उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के निजामाबाद कस्बे में एक गौड़ परिवार में 15 अप्रैल 1865 को हुआ था।

• वो 1890 ईस्वी में कानूनगो की परीक्षा पास करने के बाद कानूनगो बन गए। सन् 1923 में पद से अवकाश लेने पर काशी हिंदू विश्वविद्यालय में प्राध्यापक बने। कहा जाता है कि हिंदी कवि के विकास में हरिऔध जी की भूमिका मील का पत्थर साबित हुई।

• उन्होंने संस्कृत छंदों का हिंदी में सफल प्रयोग किया है। प्रियप्रवास की रचना संस्कृत वर्ण वृत्त में करके जहां कभी सम्राट अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध जी ने खड़ी बोली को पहला महाकाव्य दिया।

14. उत्तर प्रदेश में शुरू हुआ घर-घर दस्तक अभियान

• संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए उत्तर प्रदेश में शुक्रवार से दस्तक अभियान की शुरूआत हो गई। अभियान के तहत आशा वर्कर्स घर-घर जाकर संचारी रोग से ग्रस्त मरीजों की पहचान कर रही हैं। इसके साथ ही लोगों को संचारी रोग के बारे और उससे बचाव के तरीके के बारे में जागरूक भी किया जा रहा है।

• जरूरत पड़ने पर जांच की व्यवस्था कराई जा सकेगी। आशा वर्कर्स लोगों को दवा उपलब्ध कराएंगी और अगर आवश्यकता हुई तो उन्हें अस्पताल में भर्ती भी कराया जाएगा।

• वे लोगों को साफ पानी पीने और आसपास साफ-सफाई के लिए जागरूक कर रही हैं। साथ ही लोगों को अपने आसपास पानी इकट्ठा होने से होने वाली बीमारियों के बारे भी बताया जा रहा है और इसके बचाव के तरीके को भी बताया जा रहा है।

15. उत्तर प्रदेश का अपना पहला हाथी रिजर्व

• उत्तर प्रदेश में अब जल्द ही अपना हाथी रिजर्व होगा। केंद्रीय वन मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश में हाथी रिजर्व बनाने को मंजूरी दे दी है। उत्तर प्रदेश का तराई इलाका और दुधवा टाइगर रिजर्व समेत पीलीभीत टाइगर रिजर्व को मिलाकर उत्तर प्रदेश का ये पहला तराई एलिफेंट रिजर्व (टीईआर) होगा।

• उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित तराई एलिफेंट रिजर्व के अस्तित्व में आने के साथ दुधवा टाइगर रिजर्व (डीटीआर) यूपी का अकेला राष्ट्रीय उद्यान बन जाएगा, जो चार खास जंगली प्रजातियों बाघ, एक सींग वाले गैंडे, एशियाई हाथी और बारासिंघा की रक्षा और संरक्षण करेगा।

16. लखनऊ में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र को कैबिनेट की मंज़ूरी

• 19 अप्रैल, 2022 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लखनऊ में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र की स्थापना को मंज़ूरी दी गई।

• लखनऊ का यह केंद्र देश भर में स्थापित होने वाले कुल छह केंद्रों में से एक है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि इसके लिये लखनऊ के सरोजिनी नगर के जैतीखेड़ा में एनसीडीसी को 2.5 एकड़ ज़मीन 30 साल के लिये लीज़ पर दी गई है।

17. मॉरिशस के प्रधानमंत्री का तीन दिवसीय वाराणसी दौरा

• हाल ही में मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ वाराणसी के तीन दिवसीय दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की एवं उत्तर प्रदेश में निवेश और व्यापार की संभावनाओं पर चर्चा की।

• इस दौरान उन्होंने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का भी अवलोकन किया। उन्होंने अपने पिता पूर्व प्रधानमंत्री सर अनिरुद्ध जगन्नाथ की अस्थियों को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गंगा की धारा में प्रवाहित किया।

18. प्रयागराज जंक्शन बना उत्तर मध्य रेलवे का सर्वोत्तम स्टेशन

• उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) मुख्यालय पर आयोजित 67वें रेल सप्ताह समारोह में प्रयागराज मंडल ने 16 शील्ड जीती। साथ ही प्रयागराज जंक्शन पूरे एनसीआर का सर्वोत्तम स्टेशन का प्रमाण पत्र पाने में सफल रहा।

• रेल सप्ताह समारोह में समूह पुरस्कार समेत उत्कृष्ट सेवा देने वाले 155 रेलकर्मियों को पुरस्कृत किया गया।

19. उत्तर प्रदेश में जमीन पैमाइश अब ईटीएस करेगी

• बिहार और पंजाब के बाद जमीन पैमाइश की यह नई व्यवस्था यूपी में जल्द शुरू होने जा रही है। योगी सरकार अब जमीनों की पैमाइश इलेक्ट्रॉनिक टोटल स्टेशन (ईटीएस) से कराएगी।

• इस नई व्यवस्था के तहत यूपी की सभी तहसीलों में पांच-पांच मशीनें रखी जाएंगी। ईटीएस से निकलने वाली किरणें जमीन की नपाई करेंगी।

• यूपी के हर गांव में जमीन पैमाइश एक बड़ा विवाद है। इस विवाद की वजह से कई बार बड़े हादसे हो जाते हैं। यूपी सरकार ने जमीन पैमाइश पर अपनी गंभीरता दिखाते हुए एक नया कदम उठाया है।

20. प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में वाराणसी देश भर में पहले स्थान पर रहा

• सिविल सर्विसेज डे पर नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी के जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा को पुरस्कृत किया। यह पुरस्कार इसलिए दिया गया है क्योंकि वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में वाराणसी देश भर में पहले स्थान पर रहा।

• इस वर्ष यह पहला ऐसा अवसर है जब वाराणसी को देश स्तरीय पुरस्कार प्रधानमंत्री के हाथों मिला है। कोरोना काल में लॉकडाउन के कारण ठेला-पटरी व्यापारियों को आजीविका संबंधी समस्या से बुरी तरह जूझना पड़ा था।

• ऐसे लोगों के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना शुरू की है। इसमें छोटे दुकानदारों और ठेला-पटरी वालों को सस्ती दर पर 10 हजार रुपए तक का कर्ज दिया जाता है। कर्ज के लिए किसी गारंटी की जरूरत नहीं होती है।